उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

रायपुर–थानों मार्ग, निकट महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज, रायपुर, देहरादून

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in E-mail: chayanayog@gmail.com

पत्रांक संख्या : 985 / 2022 दिनांक 07 सितम्बर, 2022

संवाद– 253

विषय : **आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली सीधी भर्ती के परीक्षाओं के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों की समस्याओं/जिज्ञासाओं के समाधान हेतु आयोग स्तर पर प्रतिपादित व्यवस्था में आंशिक संशोधन।**

प्रिय अभ्यर्थियों,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में आयोग के कार्यालय आदेश संख्या : 913/1–स्था0/2022–23 दिनांक 22 अगस्त, 2022 द्वारा परीक्षा से सम्बन्धित् अभ्यर्थियों की विभिन्न समस्याओं/जिज्ञासाओं का समाधान आयोग के सचिव स्तर पर प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार को अपरान्ह 4.00 बजे से 5.00 बजे तक किए जाने की व्यवस्था की गयी थी।

2– आप अवगत हैं कि आयोग द्वारा सम्पन्न कतिपय परीक्षाओं यथा–**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी परीक्षा, स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा, सचिवालय रक्षक भर्ती परीक्षा, वन दरोगा, कनिष्ट–सहायक (मा0 उच्च न्यायालय) परीक्षा आदि** की जॉच पुलिस विभाग द्वारा की जा रही है। जॉच प्रचलित होने के दृष्टिगत उक्त परीक्षाओं के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों की संस्तुतियॉ सम्बन्धित् विभागों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रेषित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

3– विगत 02 शुक्रवार को जो अभ्यर्थी आयोग में उपस्थित हुए उनमें से अधिकांश अभ्यर्थियों की जिज्ञासायें उक्त परीक्षाओं के ही संदर्भ में पायी गयी। एक समान जिज्ञासाओं का समाधान उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में बार–बार किया जाना आयोग के लिए उचित नहीं है।

अतः उक्त के कम में यह भी अवगत कराना है कि भविष्य में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करते हुए **प्रत्येक माह के प्रथम एवं अंतिम शुकवार को अपरान्ह 4.00 बजे से 5.00 बजे तक आयोग स्थित कार्यालय में अभ्यर्थियों से उनकी परीक्षा सम्बन्धी समस्याओं के सम्बन्ध में मुलाकात करेंगे।**

कृपया उक्त का संज्ञान लें।

-Sd-
(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव।